<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–22.07.2024 संध्या 1900 बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

1. **बजट सत्र के पहले दिन केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण, कल एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला आम बजट करेंगी पेश।**
2. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– विकसित भारत के लिए मजबूत नींव तैयार करेगा बजट, सांसदों को नकारात्मक राजनीति नहीं करने की दी सलाह।**
3. **सुप्रीम कोर्ट ने नीट में पूछे गये एक विवादित प्रश्न के जवाब की जांच का जिम्मा आईआईटी दिल्ली को सौंपा, शीर्ष अदालत ने कल 12 बजे तक मांगी रिपोर्ट।**
4. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की घोशणा, राजमहल में हवाई पट्टी का होगा निर्माण।**
5. **सावन की पहली सोमवारी पर राज्यभर के शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, देवघर के बैद्यनाथ धाम और दुमका के बासुकीनाथ में कांवर यात्रा को लेकर व्यवस्था चाक–चौबंद।**

****

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023–24 में वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढे छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2023–24 में अनिश्चित वैश्विक आर्थिक निष्पादन के बावजूद घरेलू वृद्धि कारकों ने आर्थिक विकास में मदद की है।

****

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल संसद में आम बजट पेश करेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कल पेश किये जाने वाला बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट होगा। संसद के बजट सत्र से पहले संसद से बाहर संवाददाताओं से बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लिए मजबूत नींव तैयार करेगा। उन्होंने सांसदों को नकारात्मक राजनीति नहीं करने की नसीहत दी।

****

नीट पेपर लीक मामले की सुनवाई के दौरान आज सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिजिक्स के दो सही विकल्प वाले प्रश्न की पड़ताल होनी चाहिए। दो सही ऑप्शन देने से 44 स्टूडेंट्स को बोनस मार्क्स मिले और चार दशमलव दो लाख अभ्यर्थियों को नुकसान हुआ है। इस पर आइआइटी दिल्ली के विशेषज्ञों की राय लेनी चाहिए। अदालत ने आदेश दिया कि आईआईटी दिल्ली के निदेशक 2 जवाबों वाले सवाल की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय कमेटी बनाएं। शीर्ष अदालत ने कल 12 बजे तक इस मामले पर रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई कल होगी।

****

अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखंड के प्रवासी मजदूर आज सकुशल घर पहुंच गए। वतन वापसी पर मजदूरों और उनके परिजनों में उत्साह है। गौरतलब है कि कैमरून में राज्य के 27 प्रवासी मजदूर फंसे हुए थे। इनमें गिरिडीह जिले के चार समेत बोकारो और हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों के मजदूर शामिल थे। वतन वापसी पर मजदूरों ने सरकार के प्रति आभार जताया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज साहिबगंज जिले के राजमहल में 88 करोड़ 84 लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। इस मौके पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने राजमहल क्षेत्र के विकास के लिए गंगा पर पुल निर्माण के साथ–साथ हवाई पट्टी के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने शिवगाधी मंदिर पर आने जाने के लिए रोपवे निर्माण की भी घोषणा की।

****

वर्ष 2025 के लिए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 15 सितम्बर तक किये जा सकते हैं। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाएं राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्राप्त की जाएंगी।

****

केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे **बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ** अभियान का असर गिरिडीह में दिखने लगा है। गिरिडीह सिविल सर्जन डॉ एस पी मिश्रा ने बताया कि जिले में तीन वर्षों में सेक्स रेसियो में सुधार हुआ है। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में भ्रूण का परीक्षण करने वालों पर विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में कई निजी क्लीनिक या तो सील किए गए हैं या उनपर अर्थ दंड लगाया गया है।

****

गढ़वा जिले में किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना शुरू की गयी है।

****

सावन की पहली सोमवारी पर आज देवघर के बाबा मंदिर समेत राज्यभर के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। देवघर में सुबह चार बजे बाबा मंदिर का पट खुलते ही कतारबद्ध कांवरियों को अरघा के माध्यम से जलार्पण कराया गया। इधर, दुमका जिले के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में भक्तों ने जलाभिषेक किया। राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर, खूंटी के आम्रेश्वर धाम के अलावा रामगढ़ के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर परिसर में स्थापित प्रदेश के सबसे उंचे शिवलिंग पर शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। इधर, राज्य के स्वास्थ्य और खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर के कदमा स्थित रंकिणी मंदिर में भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने राज्य की खुशहाली की कामना की।

****

कोडरमा घाटी की नौवा माइल घाटी में लोहा लदे ट्रक के पलट जाने से उसपर सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल चालक को सदर अस्पताल भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

****

सरायकेला–खरसांवा जिले में पुलिस ने पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तिरुलडीह थाना क्षेत्र में कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्र हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। इन अपराधियों पर लोक कलाकार कुंदन गोप से 10 लाख रुपये रंगदारी मांगने का भी आरोप है।